# NEWSLETTER

National Institute of Unani Medicine

Quarterly Bulletin of National Institute of Unani Medicine, Bengaluru

Vol.17, Issue 1 Jan-Mar 2022


## Cervical Cancer Awareness Month

Department of Ilmul Qabalat wa Amraz-e-Niswan, NIUM observed cervical cancer awareness month from 1st to 31st January 2022. The awareness program was conducted daily among the patients attending the female OPD with an emphasis on the prevention of cancer by boosting immunity through Unani Medicine. Pamphlets were distributed among them. Free pap smear was performed in 10% of patients attending female OPD of the NIUM hospital.

## Regulatory Training Program

A training programme was initiated by the Ministry of AYUSH for ASU&H industry and regulatory personnel in the states. The regulatory training program for AYUSH drug regulators, industry personnel and other stakeholders for south zone was organised at the National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, Karnataka on 6th and 7th January 2022.

State licensing authority and related drug inspectors, representatives of ASU&H drug manufacturing units, state ASU&H pharmacies, representatives from state drug testing laboratories for ASU drugs and academicians related to ASU pharmacy etc. attended the programme for ASU&H drugs. A total of 40 trainees attended the programme and all the trainees were provided with a training kit containing the latest book on Drug and Cosmetic Act 1940 and rules 1945 and Magic remedies (objectionable advertisement) Act 1954 and rules 1955.






Regulatory training program for AYUSH drug regulators, industry personnel and other stakeholders for South Zone at National Institute of Unani Medicine, Bengaluru




## Editor-in-Chief

**Prof. Abdul Wadud**
Director

## Editor:

**Prof. Abdul Nasir Ansari**

## Associate Editors:

**Dr. Mohd Nayab**

**Dr. Malik Itrat**

## Editorial Board:

**Dr. Muzafar Din Ahmad Bhat**

**Dr. Mohd Asjad Khan**

**Dr. Tasfiya Hakeem Ansari**

**Dr. Iram Naaz**

## Circulation Manager:

**Shri Ehtesham Ahmad**



**Published by:**
**National Institute of Unani Medicine**
( An Autonomous organization under the Ministry of AYUSH, Govt. of India)

**Editorial Office:**
**National Institute of Unani Medicine,**
Kottigepalya, Magadi Main Road,
Bangalore – 560091
Website: www.nium.in
Phone: 080-23584260


## Certificate Course in Cupping Therapy Assistant

A two-month certificate course in cupping therapy assistant was organized by the department of Ilaj bit Tadbeer, NIUM, from 1st February to 31st March 2022, under the Central Sector Scheme for skill development under champion sector scheme for medical value travel launched by the AYUSH development section, Ministry of AYUSH, Govt. of India. Dr. Mohd Nayab, Assistant Professor, department of Ilaj bit Tadbeer executed as co-ordinator for the certificate course on Cupping Therapy Assistant. The objective of this certificate course was to produce skilled cupping therapy assistant for helping AYUSH physicians in carrying out cupping therapy in their clinical/hospital practice. A total of 110 forms were received within the stipulated date and out of them, 55 candidates were selected for admission on the merit basis of 12th standard or equivalent examinations. Out of 55 candidates, 51 candidates were reported for admission up to the last date of admission. A total of 47 candidates completed the certificate course successfully and received the certificate for cupping therapy assistant.





Demonstration of Cupping Therapy during the Certificate Course








Certificate Distribution Ceremony

## Unani Day Celebrations-2022

Unani Day was celebrated in NIUM. Inaugural of the Unani day celebration was held on February 11th 2022 in which Prof. Abid Ali Ansari delivered a lecture on the contribution of Hkm Ajmal Khan. Then from March 09th 2022 to March 22nd, 2022, various academic, cultural and sports events were organized. Both students and staff participated in various events with full interest. In sports Badminton, Table tennis, Volleyball, Cricket, Carrom, Dodge ball, etc. were held. In cultural events Health quiz, Debate, Extempore, Slogan writing, One-minute Show, etc. were organized. In these events, female students, and staff also participated enthusiastically. On March 22nd a National Seminar was held in which the contribution of Hkm Ajmal Khan was highlighted by Prof. Abdul Wadud, Director, NIUM. Besides Prof. Kauser Usman and Dr. Sayeed Ahmad delivered very informative lectures on Diabetes and

Quality control of Unani formulations respectively. A huge gathering of students and staff benefitted from this seminar. After that prize and certificate distribution ceremony was held for winners and runners of events on the same day. With this almost month-long event came to an end.




Inaugural Program of Unani Day-2022




Different Cultural Activities during Unani Day-2022









Different Sports Activities during Unani Day-2022

## Hands-on Training Program on Causality Assessment and ADR Reporting

One-day "Hands-on Training program on Causality Assessment and ADR reporting" for the Coordinators, Program Assistants, and Program Associate of Pharmacovigilance Program for Unani Drugs was organized by Intermediary Pharmacovigilance Centre for Unani Drugs, National Institute of Unani Medicine, Bengaluru on 19th February 2022. The program was sponsored by the Ministry of AYUSH, Govt. of India. A total of 24 delegates (10 Coordinators and 6 program assistants of peripheral pharmacovigilance centers for Unani Drugs, 3 coordinators and 3 program assistants of peripheral pharmacovigilance centers for Ayurveda system, 1 coordinator and 1 program associate of IPvC, NIUM, Bengaluru) have participated in this one-day training program.



ADR Reporting Training




Prof. Abid Ali Ansari on Unani Day - 2022

Prof. Abid Ali Ansari delivered a lecture in National Seminar on Unani Medicine organized by National Institute of Unani Medicine, Bengaluru on occasion of Unani Day -2022.

## Guest Lectures

Prof. Abdul Nasir Ansari, Head, Department of Ilaj bit Tadbeer, National Institute of Unani Medicine, Bengaluru delivered a lecture as a guest speaker on “Intervention of Ilaj bit Tadbeer in neurorehabilitation” at Markaz, knowledge city, Calicut, Kerala on 27th February 2022 in a one-day seminar organized by UDMA and Markaz Unani Medical College.



Prof. Abdul Nasir Ansari at Calicut




Presentation on Materiovigilance in Unani Medicine

Prof. Mohd Aleemuddin Quamri, Coordinator, Intermediary Pharmacovigilance Centre, National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, delivered a lecture on “Materiovigilance in Unani Medicine” in a National Webinar on Awareness of Pharmacovigilance Program for ASU & H drugs organized by Regional Research Institute of Unani Medicine, Mumbai on 16th March 2022.

## A Series Webinar on Ilmul Jarahat Updates 2022 Under Azadi Ka Amrut Mahotsav

Department of Ilmul Jarahat, NIUM, Bengaluru organized a webinar series with the theme of "Ilmul Jarahat Updates 2022". This webinar series was the part of celebrations of $75^{th}$ Azadi Ka Amrit Mahotsav. This webinar series was organised by the chairmanship of Prof S. Shah Alam, HoD, Ilmul Jarahat under the patronage of Prof. Abdul Wadud, Director, NIUM, Bengaluru.

In this maiden webinar, the first lecture was delivered by Prof Iqbal Aziz, Chairman Department of Ilmul Jarahat, Ajmal Khan Tibbiya College, AMU Aligarh on "Laparoscopic Procedures in Surgery" and the second lecture by Prof. S. Shah Alam, Head Department of Ilmul Jarahat, NIUM, Bengaluru on "Laparoscopic Instruments used in General Surgery" on $23^{rd}$ March 2022.




Prof. Iqbal Azeez delivering the lecture




Presentation by Prof. S Shah Alam

## Women Awareness Week and Anaemia Camp

Department of Mahiyatul Amraz organized a Women Awareness Week and Anaemia camp in collaboration with the Department of Ilmul Qabalat wa Amraze Niswan, NIUM from $28^{th}$ March to $2^{nd}$ April 2022 under $75^{th}$ Azadi Ka Amrit Mahotsav. More than 400 females were assessed for anaemia and Qurs Faulad was distributed to anaemic patients.



Assessment of Anaemia by PG Scholars



Awareness on Anaemia by Dr. Tasfiya

Dr. Tasfiya Hakeem Ansari delivered a lecture on Menstrual hygiene on the women awareness week and Anaemia camp organised by the Department of Mahiyatul Amraz in collaboration with Department of Ilmul Qabalat wa Amraze Niswan, National Institute of Unani Medicine, Bengaluru on 31st March 2022.

## Unani Medical Camps

National Institute of Unani Medicine organized a Free Swasthya Parikshan and Diabetic Camp under 75th Azadi ka Amrit Mahotsav on 26th March 2022 at Meraj English School, Bengaluru.

In this camp, free medicines were distributed along with the checking of the blood glucose levels of all the patients arriving at the camp. In this camp, prophylactic Unani Medicines for the covid-19 were distributed among the patients.  A Public Health Awareness Programme on the topic "Lifestyle, Diet and Unani Medicine in Ziabetes (DM)" was also arranged by Dr. Arshiya Sultana. The patients were informed about the prophylactic aspects of lifestyle diseases and the prevention of diabetes. Pamphlets on various diseases mentioning dos and don'ts on personal and menstrual hygiene, diabetes, menopause, etc. were distributed to the general population.



Free Swasthya Parikshan Camp


Public Health Awareness Programme

### News at Glance

1. Dr. Arshiya Sultana delivered a lecture as a guest speaker on writing a clinical trial protocol in the Unani Day observation on research methodology program organized by CRIUM, Lucknow on 20th January 2022.
2. Dr. Arshiya Sultana delivered a lecture as a guest speaker on Mental Health in Pregnancy during COVID-19 Pandemic on the occasion of World Unani Day, 2022 on "Unani Medicine in the 21st Century: Prospects, strengths and Challenges" organized by the department of Amraze Niswan, Qabalat wa Atfal, Institute of Indigenous Medicine, University of Colombo, Sri Lanka on 11th February 2022.
3. Professor Abdul Nasir Ansari delivered a lecture as a guest speaker entitled "Ilaj bit Tadbeer and Neurological Disorders" on 21.02.2022 in a National webinar organized by Haziq wellness and Training Centre, Saharanpur.

# न्यूज़लेटर
राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान , बेंगलूरू की त्रैमासिक पत्रिका

सं-१७, अंक १

जनवरी- मार्च २०२२


## सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह

इल्मुल क़बालत व अमराज़े निस्वाँ विभाग, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान मे 1 जनवरी से 31 जनवरी 2022 तक सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह मनाया गया। इस महीने के दौरान, जन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, घर-घर प्रचार, मरीजों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पैम्फलेट वितरण और महिला ओपीडी में आने वाले 10% रोगियों में मुफ्त पैप स्मीयर परीक्षण कार्यक्रम जैसी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। महिला ओपीडी में आने वाले मरीजों के बीच यूनानी चिकित्सा द्वारा प्रतिरक्षा को बढ़ावा देकर कैंसर की रोकथाम पर ज़ोर दिया गया।

## विनियामक प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्यों में आयुर्वेदिक, सिद्धा, यूनानी और होम्योपैथिक उद्योग और नियामक कर्मियों के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। दक्षिण क्षेत्र के लिए आयुष औषधि नियामकों, उद्योग कर्मियों और अन्य हितधारकों के लिए नियामक प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 और 7 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु, कर्नाटक में आयोजित किया गया।

राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण और संबंधित दवा निरीक्षक, एएसयू और एच दवा विनिर्माण इकाइयों के प्रतिनिधि, राज्य एएसयू और एच फार्मेसियां, एएसयू दवाओं के लिए राज्य दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं के प्रतिनिधि और एएसयू फार्मेसी से संबंधित शिक्षाविद आदि ने एएसयू और एच दवाओं के कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 40 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और सभी प्रशिक्षुओं को एक प्रशिक्षण किट प्रदान की गई जिसमें ड्रग एंड कॉस्मेटिक अधिनियम 1940 और नियम 1945 और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम 1954 और नियम 1955 पर नवीनतम पुस्तक शामिल थी।




राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु में दक्षिण क्षेत्र के लिए आयुष औषधि नियामकों, उद्योग कर्मियों और अन्य हितधारकों के लिए नियामक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मुख्य संपादक**
प्रोफेसर अब्दुल वदूद, निदेशक

**संपादक**
प्रोफेसर अब्दुल नासिर अंसारी

**सहयोगी संपादक:**
डॉ. मोहम्मद नायाब
डॉ. मलिक इतरत

**संपादन - मंडल:**
डॉ. मुज़फ़्फ़र दीन अहमद भट्ट
डॉ. मोहम्मद असजद खान
डॉ. तसफिया हकीम अंसारी
डॉ. इरम नाज़

**परिसंचरण प्रबंधक:**
श्री एहतेशाम अहमद


**प्रकाशक:**
**राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान**
(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)



**सम्पादकीय कार्यालय:**
**राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान**
कोट्टिगेपाल्या, मागड़ी मेन रोड
बेंगलूरू–560 091
वेबसाईट: www.nium.in
दूरभाष: 080-23584260


## कपिंग थेरेपी असिस्टेंट सर्टिफिकेट कोर्स

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के आयुष विकास अनुभाग द्वारा शुरू की गई मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के लिए चैंपियन सेक्टर योजना के अंतर्गत कौशल विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत एनआईयूएम के इलाज बित तदबीर विभाग द्वारा १ फरवरी से ३१ मार्च २०२२ तक कपिंग थेरेपी असिस्टेंट में दो महीने का सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया। इलाज बित तदबीर विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद नायाब को कपिंग थेरेपी असिस्टेंट में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया। इस सर्टिफिकेट कोर्स का उद्देश्य आयुष चिकित्सकों को उनके क्लिनिकल/अस्पताल में कपिंग थेरेपी करने में मदद करने के लिए कुशल कपिंग थेरेपी असिस्टेंट तैयार करना था। निर्धारित तिथि तक कुल ११० फॉर्म प्राप्त हुए और उनमें से ५५ उम्मीदवारों को १२वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षाओं की योग्यता के आधार पर प्रवेश के लिए चुना गया। प्रवेश की अंतिम तिथि तक ५५ अभ्यर्थियों में से ५१ अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु उपस्थित हुए । कुल ४७ उम्मीदवारों ने सर्टिफिकेट कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया और कपिंग थेरेपी असिस्टेंट के लिए प्रमाणपत्र प्राप्त किया।





सर्टिफिकेट कोर्स के दौरान कपिंग थेरेपी का प्रदर्शन










प्रमाणपत्र वितरण समारोह

## यूनानी दिवस समारोह-2022

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु में यूनानी दिवस मनाया गया। यूनानी दिवस समारोह का उद्घाटन 11 फरवरी, 2022 को आयोजित किया गया था जिसमें प्रोफेसर आबिद अली अंसारी ने हकीम अजमल खान के योगदान पर व्याख्यान दिया था। फिर 09 मार्च 2022 से 22 मार्च 2022 तक विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किये गये। छात्रों और कर्मचारियों दोनों ने विभिन्न कार्यक्रमों में पूरी रुचि के साथ भाग लिया। खेलों में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कैरम, डॉज बॉल आदि प्रतियोगिताएं हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, एक्सटेम्पोर, नारा लेखन, वन-मिनट शो आदि का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में महिला छात्राओं एवं स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। 22 मार्च को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें हकीम अजमल खान के योगदान पर राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु के निदेशक

प्रोफेसर अब्दुल वदूद जी ने प्रकाश डाला। इसके अलावा प्रोफेसर कौसर उस्मान और डॉ. सईद अहमद ने क्रमशः मधुमेह और यूनानी फॉर्मूलेशन के गुणवत्ता नियंत्रण पर बहुत जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिए। इस सेमिनार से छात्रों और कर्मचारियों की एक बड़ी संख्या लाभान्वित हुई। उसके बाद उसी दिन प्रतियोगिताओं के विजेताओं और उपविजेताओं के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही लगभग एक महीने तक चले कार्यक्रम का समापन हो गया।





यूनानी दिवस-2022 का उद्घाटन कार्यक्रम





यूनानी दिवस-2022 के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ






यूनानी दिवस-2022 के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियाँ

## कारणता आकलन और एडीआर रिपोर्टिंग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

यूनानी औषधियों के लिए फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम के समन्वयकों, कार्यक्रम सहायकों और कार्यक्रम सहयोगी के लिए 19 फरवरी 2022 को एक दिवसीय " कारणता आकलन और एडीआर रिपोर्टिंग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन मध्यस्थ फार्माकोविजिलेंस सेंटर फॉर यूनानी ड्रग्स, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 24 प्रतिनिधियों (यूनानी औषधियों के लिए परिधीय फार्माकोविजिलेंस केंद्रों के 10 समन्वयक और 6 कार्यक्रम सहायक, आयुर्वेद प्रणाली के लिए परिधीय फार्माकोविजिलेंस केंद्रों के 3 समन्वयक और 3 कार्यक्रम सहायक, इंटरमीडिएट फार्माकोविजिलेंस सेंटर फॉर यूनानी ड्रग्स, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान,बेंगलूरु के 1 समन्वयक और 1 कार्यक्रम सहयोगी) ने भाग लिया।





एडीआर रिपोर्टिंग प्रशिक्षण

यूनानी दिवस-२०२२ पर प्रोफेसर आबिद अली अंसारी

प्रोफेसर आबिद अली अंसारी ने यूनानी दिवस-2022 के अवसर पर राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु द्वारा यूनानी चिकित्सा पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।

## अतिथि व्याख्यान

प्रोफेसर अब्दुल नासिर अंसारी, विभागाध्यक्ष, इलाज बित तदबीर, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु ने दिनांक 27 फरवरी 2022 को यूनानी दवा निर्माता संघ (यूडीएमए) एवं मरकज यूनानी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में "न्यूरोरेहैबिलिटेशन में इलाज बित तदबीर का हस्तक्षेप" विषय पर अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।





कालीकट में प्रोफेसर अब्दुल नासिर अंसारी

यूनानी चिकित्सा में मैटेरियोविजिलेंस पर प्रस्तुति

प्रोफेसर मोहम्मद अलीमुद्दीन क़मरी, समन्वयक, मध्यवर्ती फार्माकोविजिलेंस सेंटर, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु ने दिनांक 16 मार्च 2022 को क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई द्वारा एएसयू और एच दवाओं के लिए फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पर आयोजित एक राष्ट्रीय वेबिनार में "यूनानी चिकित्सा में मैटेरियोविजिलेंस" पर एक व्याख्यान दिया।

## आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत इल्मुल जराहत अपडेट-2022 पर एक श्रृंखला वेबिनार

इल्मुल जराहत विभाग, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु ने "इल्मुल जराहत अपडेट्स -2022" विषय के साथ एक वेबिनार श्रृंखला का आयोजन दिनांक 23 मार्च 2022 को किया। यह वेबिनार श्रृंखला 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के समारोह का हिस्सा थी। इस वेबिनार

श्रृंखला का आयोजन प्रोफेसर एस. शाह आलम, विभागाध्यक्ष, इल्मुल जराहत की अध्यक्षता और प्रोफेसर अब्दुल वदूद, निदेशक, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु के संरक्षण में किया गया।

वेबिनार में, पहला व्याख्यान प्रोफेसर इकबाल अजीज, अध्यक्ष, इल्मुल जराहत विभाग, अजमल खान तिब्बिया कॉलेज, एएमयू, अलीगढ़ द्वारा "सर्जरी में लेप्रोस्कोपिक प्रक्रियाएं" पर दिया गया और दूसरा व्याख्यान प्रोफेसर एस. शाह आलम, विभागाध्यक्ष, इल्मुल जराहत विभाग, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलूरु द्वारा सामान्य सर्जरी में प्रयुक्त लेप्रोस्कोपिक उपकरण पर दिया गया।




प्रोफेसर इकबाल अज़ीज़ व्याख्यान देते हुए




प्रोफेसर एस. शाह आलम द्वारा प्रस्तुति

## महिला जागरूकता सप्ताह एवं एनीमिया शिविर

माहियातुल अमराज़ विभाग ने इल्मुल क़बालत व अमराज़े निस्वाँ विभाग के सहयोग से 75वें आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत 28 मार्च से 2 अप्रैल 2022 तक महिला जागरूकता सप्ताह और एनीमिया शिविर का आयोजन किया। एनीमिया के लिए 400 से अधिक महिलाओं का मूल्यांकन किया गया और एनीमिया रोगियों को क़ुर्स फौलाद वितरित की गई।



पीजी स्कॉलर्स द्वारा एनीमिया का आकलन



डॉ. तस्फ़िया द्वारा एनीमिया पर जागरूकता

## यूनानी चिकित्सा शिविर

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु ने 26 मार्च 2022 को मेराज इंग्लिश स्कूल, बेंगलुरु में 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और मधुमेह शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में आने वाले सभी मरीजों के रक्त में शक्कर के स्तर की जाँच के साथ-साथ निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की गई। इस शिविर में मरीजों के बीच कोविड-19 के लिए रोगनिरोधी यूनानी दवाएं वितरित की गई। डॉ. अर्शिया सुल्ताना द्वारा "मधुमेह (डीएम) में जीवन शैली, आहार और यूनानी चिकित्सा" विषय पर एक सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। मरीजों को जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के रोगनिरोधी पहलुओं और मधुमेह की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न बीमारियों पर व्यक्तिगत और मासिक धर्म स्वच्छता, मधुमेह, रजोनिवृत्ति आदि पर क्या करें और क्या न करें का उल्लेख करने वाले पर्चे आम जनता को वितरित किए गए।



नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर


सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

### समाचार एक नज़र में

१. डॉ. अर्शिया सुल्ताना ने दिनांक २० जनवरी २०२२ को CRIUM, लखनऊ द्वारा आयोजित अनुसंधान पद्धति कार्यक्रम पर यूनानी दिवस अवलोकन में नैदानिक परीक्षण प्रोटोकॉल लिखने पर अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।

२. डॉ. अर्शिया सुल्ताना ने दिनांक 11 फरवरी 2022 को विश्व यूनानी दिवस, 2022 के अवसर पर अमराज़े निस्वाँ, क़बालत व अत्फाल विभाग, स्वदेशी चिकित्सा संस्थान, कोलंबो विश्वविद्यालय, श्रीलंका द्वारा "21वीं सदी में यूनानी चिकित्सा: संभावनाएं, शक्ति और चुनौतियां" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कोविड-19 महामारी के दौरान गर्भावस्था में मानसिक स्वास्थ्य पर अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।

३. प्रोफेसर अब्दुल नासिर अंसारी ने दिनांक 21.02.2022 को हाज़िक वेलनेस एंड ट्रेनिंग सेंटर, सहारनपुर द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय वेबिनार में "इलाज बित तदबीर और तंत्रिका संबंधी विकारों" शीर्षक पर अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।